बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

कार्यालय आदेश

का0आ0सं0:–4/अ0प्र0–01–01/2022 233 /पटना दिनांक– 08/7/24

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–4672 दिनांक–09.05.2018 में संसूचित निर्णय के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–10000 दिनांक–10.07.2015 में सन्निहित प्रावधान के तहत कतिपय सेवानिवृत कनीय अभियंताओं (असैनिक) को संविदा के आधार पर नियोजित करते हुए उन्हें विभिन्न विभागीय कार्यालय आदेश सहपठित ज्ञापांक–1798 दिनांक–19.03.2020 के द्वारा इस विभाग के भिन्न–भिन्न कार्य प्रमंडलों के रिक्त कार्य प्रशाखाओं में पदस्थापित किया गया था। इन सभी का प्रथमतः नियोजन अवधि दो वर्ष का था।

2. कार्यरत/योग्य सेवानिवृत कनीय अभियंताओं का नियोजनावधि दो वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त उनका आवश्यकतानुसार अगले एक वर्ष तक के लिए संविदा आधारित नियोजनावधि को विस्तारित किया गया। विस्तारित नियोजनावधि के पूर्ण होने के उपरान्त पुनः अगले एक वर्ष के लिये नियोजनावधि के विस्तार हेतु उनके नियंत्री पदाधिकारी से कार्यकलाप/मूल्यांकन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया।

अतएव विभागीय निगरानी प्रशाखा से प्राप्त निगरानी स्वच्छता प्रतिवेदन के अनुकुलता तथा उनके नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा किये गये अनुशंसा के फलस्वरूप विभागीय कार्यहित में तालिका में अंकित संविदा के आधार पर नियोजित सेवानिवृत कनीय अभियंता (असैनिक) का संविदा आधारित नियोजन अवधि का विस्तार यथा स्थान पर अगले एक वर्ष के लिए अथवा कनीय अभियंताओं के नियमित नियुक्ति होने तक अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने तक इनमें से जो भी पहले हो तक के लिए किया जाता है:–

क्र0 सं0	सेवानिवृत कनीय अभियंता का नाम/गृह जिला	जन्म तिथि	सेवानिवृति की तिथि	पदस्थापित कार्य प्रमंडल के कार्य प्रशाखा का नाम	विस्तारित नियोजन अवधि समाप्ति की तिथि	विस्तारित नियोजनावधि की प्रभावी तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री सुनील कुमार सिंह/ पटना	19.12.59	31.12.19	कार्य प्रमंडल, मोतिहारी, कार्य प्रशाखा, मोतिहारी–1	दि0–18.03.2024	1. दि0–19.03.2024 के प्रभाव से अगले एक वर्ष के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक अथवा कनीय अभियंताओं की नियमित नियुक्ति होने तक इनमें से जो पहले हो तक के लिए।

3. उक्त तालिका में अंकित सेवानिवृत कनीय अभियंता (संविदा) का नियोजन शर्त्त/सेवा शर्त्त सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–10000 दिनांक–10.07.2015 में सन्निहित प्रावधान से अच्छादित रहेंगे।

4. उक्त तालिका में अंकित संविदा के आधार पर नियोजित सेवानिवृत कनीय अभियंता (असैनिक) कार्य करने में सक्षम है, से संबंधित चिकित्सीय फिटनेस प्रमाण पत्र अपने नियंत्री पदाधिकारी के समक्ष समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। इनका मानदेय आदि का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं0–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित प्रावधान के आलोक में किया जाएगा।

Office Order

5. उक्त सभी कंडिकाओं में दिये गये निदेश का अक्षरशः अनुपालन संबंधित नियंत्री पदाधिकारी करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इस आदेश में किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होने पर संबंधित नियंत्री पदाधिकारी वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सीधे अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाना भी सुनिश्चित करेंगे।

6. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–4/अ0प्र0–01–01/2022 3738 /पटना दिनांक– 08/7/24

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव/विशेष सचिव के आप्त सचिव/उप सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग एवं मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी/ प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग, प्रशाखा–2, 3 एवं 13 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4/अ0प्र0–01–01/2022 3738 /पटना दिनांक– 08/7/24

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, 5, ग्रामीण कार्य विभाग/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोतिहारी/संबंधित सेवानिवृत कनीय अभियंता (असैनिक), ग्रामीण कार्य विभाग एवं अन्य सभी संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख सह
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4/अ0प्र0–01–01/2022 3738 /पटना दिनांक– 08/7/24

प्रतिलिपिः सभी संबंधित कोषागार एवं उप कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–4/अ0प्र0–01–01/2022 3738 /पटना दिनांक– 08/7/24

प्रतिलिपिः आई0टी0मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को यह कार्यालय आदेश विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

Office Order